**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 26.10.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज 22वें आसियान–भारत शिखर सम्मेलन में वर्चुअल माध्यम से भाग लेंगे।

- आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह 11 बजे अपने विचार साझा करेंगे।

- पर्यटन निदेशालय द्वारा वन्डूर बीच पर आयोजित दो दिवसीय समुद्र तट खेल महोत्सव–2025 का समापन हुआ।

- खराब मौसम की स्थिति को देखते हुए स्थानीय समुद्र तट पर चेतावनी संकेत–3 लगा दिया गया है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज 22वें आसियान–भारत शिखर सम्मेलन में वर्चुअल माध्यम से भाग लेंगे। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और आसियान नेता संयुक्त रूप से आसियान–भारत संबंधों में प्रगति की समीक्षा करेंगे और रणनीतिक साझेदारी को मज़बूत करने की पहलों पर चर्चा करेंगे। मंत्रालय ने कहा कि आसियान के साथ संबंधों को मज़बूत करना भारत की एक्ट ईस्ट नीति और हिंद–प्रशांत दृष्टिकोण का एक प्रमुख स्तंभ है। विदेश मंत्री डॉ. सुब्रह्मण्यम जयशंकर 27 अक्टूबर को कुआलालंपुर में 20वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी के स्थान पर शामिल होंगे। पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन, हिंद–प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए चुनौतियों पर विचार–विमर्श करने और क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय विकास पर विचारों का आदान–प्रदान करने का अवसर प्रदान करेगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह कार्यक्रम पूरे आकाशवाणी और दूरदर्शन नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ ऑन ए आई आर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी किया जाएगा। आकाशवाणी हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम का प्रसारण करेगा।

<><><><><><><>

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत मोबाइल निर्माण उद्योग में आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि दो वर्ष के भीतर देश में मोबाइल फोन के पुर्जों का पूरी तरह से घरेलू उत्पादन शुरू हो जाएगा। श्री वैष्णव ने कहा कि देश में सीसीटीवी सहित विभिन्न अनुप्रयोगों के लिए चिपसेट तैयार किए जा रहे हैं।

<><><><><><><>

वस्तु और सेवा कर बचत उत्सव का लाभ समाज के सभी वर्गों को पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस उत्सव की घोषणा करते हुए 22 सितंबर को इसकी शुरूआत की। कैमिस्ट एंड ड्रग्स एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत में जीएसटी 2.0 का स्वागत करते हुए ग्राहकों को मिल रहे लाभ के बारे में अपने विचार साझा किए–

<><><><><><><>

पर्यटन निदेशालय द्वारा शिक्षा, खेल एवं युवा मामले विभाग और ग्राम पंचायत, वंडूर के सहयोग से दो दिवसीय समुद्र तट खेल महोत्सव–2025, आयोजित किया गया। इस महोत्सव में प्रतिभागियों और दर्शकों ने भाग लिया। वंडूर समुद्र तट पर आयोजित इस खेल महोत्सव में रस्साकशी और वॉलीबॉल का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान वंडूर ग्राम पंचायत के प्रधान अधीर दास मुख्य अतिथि थे। अपने संबोधन में भाषण में, श्री दास ने महोत्सव की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह ग्रामीणों और आगंतुकों दोनों के लिए एक उत्सव का अवसर था। उन्होंने वंडूर समुद्र तट पर पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए नियमित अंतराल पर इसी तरह के आयोजनों को प्रोत्साहित किया। दो दिवसीय उत्सव में वंडूर समुद्र तट

पर खेल कौशल, फिटनेस और सामुदायिक भावना का प्रदर्शन किया गया। यह प्रतियोगिताएँ शिक्षा विभाग के शारीरिक शिक्षा शिक्षकों की देखरेख में आयोजित की गईं। विजेताओं और उपविजेताओं को पर्यटन विभाग द्वारा प्रायोजित नकद पुरस्कार प्रदान किए गए।

<><><><><><><>

सतर्कता जागरुकता सप्ताह के अवसर पर अंडमान लॉ कॉलेज में भाषण, निबंध लेखन, चित्रकला सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं को शिपिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड एवं अंडमान हार्बर वर्क्स द्वारा प्रायोजित किया गया। कार्यक्रम में कुल पैंसठ विद्यार्थियों ने भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता का विषय "भ्रष्टाचार और विकसित भारत जैसे विषयों से संबंधित था। कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. पी.वी. नागेन्द्र शर्मा ने किया। इस अवसर पर शिपिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया की प्रबंधक अंबिलिश्री और हार्बर वर्क्स के सतर्कता अधिकारी सुब्रत बाला भी उपस्थित रहे। आकाशवाणी, श्रीविजयपुरम द्वारा एक नवंबर को "सतर्कताः एक साझा जिम्मेदारी" विषय पर सेमिनार आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन ने राजस्व विभाग के माध्यम से ब्रुकशाबाद गाँव में सरकारी राजस्व भूमि पर अनधिकृत अतिक्रमणों को हटाने के लिए एक अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान, मुख्य सड़क के किनारे बने अस्थायी आश्रयों में सरकारी भूमि पर अतिक्रमण पाया गया। लगभग 200 वर्ग मीटर क्षेत्र को खाली कराकर सरकारी खाते में वापस कर दिया गया। नागरिकों से आग्रह किया गया है। कि वे सार्वजनिक भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करने से बचे। किसी भी शिकायत के लिए आम जनता फोन संख्या 03192–240127 और 9531888844 व्हाट्सएप पर जिला नियंत्रण कक्ष से संपर्क कर सकते है।

<><><><><><><>

द्वीपों के अधिकाश भागों में कल से तेज हवाओं के साथ रूक रूक कर वर्षा हो रही है। आज अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह में एक या दो स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश और 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ़्तार से तेज़ हवा चलने की संभावना है। कल से 29 अक्टूबर तक द्वीपसमूह में एक या दो स्थानों पर 40 से 50 किमी प्रति घंटे के रफ़्तार से हवा चलने की संभावना व्यक्त की गई है। समुद्र की खराब स्थिति को देखते हुए मछुआरों को 28 अक्टूबर तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है। श्री विजयपुरम बंदरगाह पर स्थानीय चेतावनी संकेत–3 लगा दिया गया है।

<><><><><><><>

जहाजरानी निदेशालय द्वारा उत्तरी अंडमान सागर और आसपास के क्षेत्रों में निम्न दबाव का क्षेत्र बनने और इसके खाड़ी में चक्रवाती तूफान में बदलने की संभावना के बारे में परामर्श जारी किया गया है। खराब मौसम की स्थिति को देखते हुए, यात्रियों और जहाजों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, शिपिंग सेवा निदेशालय द्वारा अंतर–द्वीपीय जहाजों को निलंबित या रद्द किया जा सकता है। इसी प्रकार, चाथम, बम्बूफ्लैट, डंडास पॉइंट, होपटाउन, फीनिक्स बे के बीच फेरी और वाहन फेरी सेवाओं का संचालन भी मौसम की स्थिति के आधार पर बाधित हो सकता है।

<><><><><><><>